# पीड़िता बोली-आत्महत्या के लिए हो सकती हूँ मजबूर

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 7 अप्रैल।** शहर के जयारोग्य अस्पताल के टीबी वार्ड में कार्यरत एक महिला कर्मचारी ने एक व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक और थाना प्रभारी को शिकायत दर्ज कराई है।

**अस्पताल कर्मी ने लगाया यौन उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी का आरोप**



पीड़िता का आरोप है कि आरोपी उसे लंबे समय से शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर कर रहा है और इनकार करने पर उसे व उसके पति को जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता मीनू माहौर के अनुसार, जो नए अस्पताल के जेएच टीबी वार्ड में कार्यरत हैं, ने ग्वालियर के कम्पू थाना प्रभारी और पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए पत्र में बताया कि रवि वाल्मीकि पिता का नाम बच्चू नामक व्यक्ति उसे आए दिन प्रताड़ित कर रहा है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी उसे लगातार शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डालता है। बार-बार मना करने पर आरोपी ने उसे और उसके पति को जान से मारने की धमकी दी है। आरोपी ने पीड़िता को नौकरी से निकलवाने और भविष्य में कहीं भी काम न करने देने की भी धमकी दी है। वह पीड़िता के सरकारी कार्यों में भी बाधा उत्पन्न करता है और बदतमीजी करता है। शिकायत पत्र में पीड़िता ने अपनी मानसिक स्थिति और डर का जिक्र करते हुए लिखा है कि आरोपी की प्रताड़ना से वह इतनी परेशान हो चुकी है कि वह किसी भी समय आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम उठा सकती है। उसने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है ताकि वह अपने परिवार के साथ शांतिपूर्वक जीवन व्यतीत कर सके।



# आईटीएम नृत्य महोत्सव-4 का शुभारंभ आज

**ग्वालियर, 7 अप्रैल।** आईटीएम यूनिवर्स ग्वालियर द्वारा 'भारतीय ज्ञान परम्परा अध्ययन पीठ के अंतर्गत' आईटीएम नृत्य महोत्सव-4 का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव-4 का शुभारंभ आज 8 अप्रैल बुधवार को होने जा रहा है। संस्थान के सिथौली कैंपस स्थित नाद एम्फीथियेटर में प्रतिदिन शाम 6.30 बजे से देशभर के प्रसिद्ध नृत्य समूहों के कलाकारों द्वारा भारतीय शास्त्रीय नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। महोत्सव में पहले दिन 'भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुति' दी जाएगी। यह समूह नृत्य की प्रस्तुति रमा वैद्यनाथन, गणेश नाट्यालय शास्त्रीय कला केंद्र नई दिल्ली द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। 9 अप्रैल को 'ओडिसी नृत्य' की प्रस्तुति होगी। यह समूह नृत्य की प्रस्तुति रतिकांत महापात्रा, सृजन नृत्य संस्थान, ओडिशा द्वारा दी जाएगी। अंतिम दिन यानी 10 अप्रैल को 'बहुशैली नृत्य प्रस्तुति पर समूह नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। यह प्रस्तुति पार्वती दत्ता, महागामी गुरुकुल, महाराष्ट्र द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। शहर से आने वाले रसिकों के लिए आईटीएम की ओर से बसों की नि:शुल्क व्यवस्था की गई है। निश्चित स्थान चेतकपुरी पेट्रोल पम्प के पास बसें शाम ठीक 5.30 बजे कार्यक्रम स्थल के लिए प्रस्तान करेंगी। बस में प्रवेश के करते समय बस का सर्विस नंबर जो कि बस के विंडो ग्लास पर लगा होगा, नोट कर लें व वापसी में उसी सर्विस नंबर की बस में बैठे, जो बस जहां से चलेगी वहीं वापस लौटेगी।

# बाइक की टक्कर से कंडक्टर की गई जान, आरोपी पकड़ा

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 7 अप्रैल।** नाश्ता करने के बाद सड़क पार कर रहे एक कंडक्टर को तेज रफ्तार आ रहे बाइक सवार ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। घटना सिरोल हाइवे स्थित सेठ जी ढाबा के सामने रविवार सुबह साढ़े नौ बजे की है। घटना के बाद आरोपी चालक भाग निकला। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद घायल को उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां पर उसने आज उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने हिट एंड रन का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पनिहार स्थित रायपुर खुर्द निवासी राजू बघेल प्रहलाद बघेल ट्रक पर कंडेक्टर का काम करता है। बीते रोज वह तथा ट्रक चालक कोमल बघेल हाइवे स्थित सेठजी ढाबा पर पहुंचे और ट्रक को सड़क पर खड़ा कर ढाबे पर नहाने व नाश्ता करने के लिए पहुंचे थे। नहाने और नाश्ता करने के बाद वह सड़क पार कर ट्रक पर जा रहे थे। राजू आगे चल रहा था और

**सिरोल हाइवे स्थित सेठ जी ढाबा के सामने की घटना**

कोमल पीछे-पीछे आ रहा था। अभी वह सड़क के किनारे पहुंचा ही था कि तभी रांग साइड आ रहे बाइक क्रमांक एमपी 07 एनआर 2872 का चालक तेज रफ्तार में आया और सड़क पार कर रहे राजू को टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर लगते ही राजू सिर के बल सड़क पर आ गिरा और ऐसा गिरा कि फिर उठ ही न सका। हादसे के बाद आरोपी चालक अपनी बाइक को भगा ले गया। घटना की शिकायत कोमल ने पुलिस से की। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद घायल राजू को उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां पर उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। राजू की मौत का पता चलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और आरोपी चालक के खिलाफ हिंट एंड रन का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर जानकारी जुटाई तो आरोपी चालक की पहचान सोनेराम पुत्र रामहेत बघेल निवासी जारगा सिरोल के रूप में हुई।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा पुराना नाम गिरिदाबल पुत्र श्री राम किशोर निवासी कडोरे का पुरा, खितोली, जिला भिण्ड म.प्र. शपथपूर्वक सत्य कथन करता हूँ कि, मेरी सभी अंकसूची, आधार कार्ड नं. 3067 1114 5510 एवं अन्य सभी शासकीय व गैर सारकारी दस्तावेजों में मेरा गिरिदाबल पुत्र श्री राम किशोर नाम लेख है। मै अपना नाम बदलकर अंकित राजौरिया पुत्र श्री राम किशोर करना चाहता हूँ, मुझे भविष्य में अंकित राजौरिया पुत्र श्री राम किशोर राजौरिया का नाम से जाना एवं पहचाना जायेगा



# जेआईएनआर में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,07अप्रैल।** व्हीआईएसएम ग्रुप ऑफ स्ट्डीज के अंतर्गत संचालित जय इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड रिसर्च में आज विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर प्रेरणादायक एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर प्रेजेंटेशन, नाट्य मंचन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने कलात्मक कौशल का प्रदर्शन करते हुए 'स्वस्थ जीवन-समृद्ध भविष्य', 'स्वच्छता ही सुरक्षा' एवं 'स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन' जैसे संदेशों को बेहद आकर्षक और रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया। पोस्टर प्रेजेंटेशन के माध्यम से छात्रों ने पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, स्वच्छता, योग एवं रोगों की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया। नाट्य मंचन के माध्यम से विद्यार्थियों ने समाज में व्याप्त स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं एवं उनके समाधान को जीवंत अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया। जिसमें रंगोली प्रतियोगिता में निशा कुमारी, जी.एन.एम. तृतीय वर्ष प्रथम स्थान पर रहीं। पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में आदित्य राज, जी.एन.एम. तृतीय वर्ष प्रथम स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में साक्षी राजपूत, बी.एस.सी. नर्सिंग चतुर्थ वर्ष प्रथम स्थान पर रहीं। नार्ट् मंचन में ग्रुप ए, बी.एस.सी. नर्सिंग द्वितीय वर्ष प्रथम स्थान पर रहा। इस अवसर पर कॉलेज की ग्रुप निदेशक डॉ. प्रज्ञा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि 'स्वास्थ्य किसी भी व्यक्ति, समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है। अनुशासनात्मक जीवनशैली की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। जिसमें योगा, खान पान पर हमें विशेष ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को स्मृति चिन्ह व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. सुनील राठौर, चेयरपर्सन सरोज राठौर सहित समस्त स्टॉफ व छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे।

# आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 7 अप्रैल।** ग्वालियर-मध्य प्रदेश संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कोमल के नेतृत्व

**2 माह का वेतन एवं 11 माह का एरियर नहीं मिलने पर स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने सिलावट से की मुलाकात**

ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट को जिला स्तरीय एव प्रदेश स्तरीय आउट सोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों की प्रमुख मांगों को लेकर ज्ञापन दिया जिसमें बताया कि ग्वालियर जिले में विभिन्न शासकीय अस्पतालों महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दे रहे सैकड़ो आउट सोर्स कर्मचारियों को विगत 2 माह वेतन भुगतान नहीं किया एवं श्रम विभाग द्वारा 11 माह के एरियर दिए जाने के आदेश जारी किए गए हैं उसके बाद भी विभागीय अधिकारियों एवं निजी एजेंसियों के मनमानी के कारण वेतन भुगतान नहीं किया गया एव 11 माह के एरियर भुगतान नहीं किया गया

**ज्ञापन में ये है प्रमुख मांगे :** श्रम विभाग द्वारा 1 अप्रैल 2024 से पुनरीक्षित वेतन वृद्धि की गई थी उक्त अनुसार 11 माह के एरियर राशि भुगतान नहीं किया गया विभाग द्वारा स्पष्ट आदेश जारी किए जाएं। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे सैकड़ो आउटसोर्स कर्मचारी को 2 माह का लबित भुगतान शीघ्र किया जाए अन्यथा आंदोलन किया जाएगा। मध्य प्रदेश शासन 1 अप्रैल 2026 से द्वारा 1 अप्रैल 2026 (रोअम्स) ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया गया है जिसके तहत विभाग द्वारा किये जाने वाले समस्त नवीन आउटसोर्सिंग अनुबंधों/कार्य आदेशों की प्रविष्टि रोअम्स पोर्टल पर अनिवार्य रूप से की जानी होगी। वर्तमान में प्रवहचलित समस्त अनुबंधों की प्रविष्टि भी रोअम्स पोर्टल पर अनिवार्यत होगी.

## सत्येन्द्र के आग्रह पर सिंधिया ने कार्यकर्ताओं संग किया भोजन

**ग्वालियर, 7 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी जिला ग्वालियर महानगर के नवीन कार्यालय के भूमि पूजन के कार्यक्रम सभा के दौरान केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सत्येन्द्र शर्मा ने कार्यक्रम के पश्चात कार्यकर्ताओं के साथ भोजन करने का आग्रह किया जिसे सहर्ष स्वीकार करते हुए जसिंधिया ने कार्यकर्ताओं के साथ भोजन किया साथ में वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया, प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया थे।



**न्यायालय नायब तहसीलदार वृत रेहट, तहसील घाटीगांव जिला ग्वालियर (म.प्र.)**
**प्रकरण क्रमांक 0350/अ-6/2025-26**
**घाटीगांव दिनांक 01/04/2026**
**// विज्ञप्ति //**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक धर्मेन्द्र जैन पुत्र स्व.श्री शीतलचन्द्र निवासी लक्कड खाना कंधीवाली गली माधौगंज थाने के पास लश्कर जिला ग्वालियर म.प्र. द्वार ग्राम चराईश्यामपुर स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 421 रकवा 1.1600 हे., 433 रकवा 0.4400 हे., 434 रकवा 0.6500 हे., 437 रकवा 1,6000 हे.,455 रकवा 0.1300 हे. कुल किता 5 कुल रकवा 2.9800हे. भूमि पर मृतक शीतलचन्द जैन पुत्र फूल चन्द्र जैन के फोत होने से फोती नामांतरण का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसमें मृतक शीतलचन्द जैन पुत्र फूल चंद जैन के वारिस 1. श्रीमती कमलेश जैन पत्नी स्व.श्री शीतलचन्द जैन, रिषभ जैन पुत्र स्व.श्री शीतलचन्द जैन, धमेन्द्र जैन पुत्र स्व.श्री शीतलचन्द जैन, जयचंद जैन पुत्र स्व.श्री शीतलचन्द जैन है अतः उक्त संबंध में हितबद्ध व्यक्ति जो उक्त प्रकरण में हित रखता हो अथवा कोई आपत्ति रखता है। तो नियत दिनांक 09.04.2026 को नायब तहसीलदार वृत रेहट तहसील घाटीगांव कार्यालय में स्वयं अथवा अपने विधिक अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पक्ष प्रस्तुत करें। उपस्थित न होने की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण में आगामी कार्यवाही की जायेगी।

**नायब तहसीलदार**
**वृत्त रेंहट तहसील घाटीगाँव**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रमोद सिंह सेंगर पुत्र स्व. श्री सुखराम, निवासी गोशपुरा नं. 02, पताली हनुमान मंदिर के पास, ग्वालियर (म.प्र.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य के एक भवन, जिसका क्षेत्रफल 610 वर्गफिट (संपत्ति कर रसीद अनुसार 550 वर्गफीट) होकर जिसका म्युनिसिपल भवन क्रमांक 14/20, नवीन क्रमांक 12/20, गोशपुरा नं. 02, पताली हनुमान मंदिर के पास, ग्वालियर (म. प्र.) में स्थित होकर जिसके पूर्व में पाटौर सामले सिंह, पश्चिम में भवन हेमराज सिंह, उत्तर में खण्डहर व भवन भाग रामकुमार व दक्षिण में शासकीय रोड हजीरा है। उक्त संपत्ति आवेदक के पिता सुखराम सिंह पुत्र श्री रघुराज सिंह ठाकुर ने अपने जीवन काल में जर्ये रजि. बिक्रयपत्र पंजीयन दस्तावेज क्रमांक 121, ग्रंथ क्रमांक 5558 एवं पंजीयन दिनांक 19.06.1987 के माध्यम से पूर्व स्वामी सामले सिंह पुत्र श्री प्रेम सिंह ठाकुर से क्रयोपरांत प्राप्त की थी। आवेदक के पिता सुखराम सिह एवं माता श्रीमती शांतीदेवी की मृत्यु हो चुकी है तदोपरांत् उक्त संपत्ति आवेदक को एकमात्र रुप से उत्तराधिकार में प्राप्त होकर उसके ही स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य की है। चूंकि उक्त संपत्ति पर आवेदक ने मेरे पक्षकार वित्तीय संस्था पीएनबी हाउ. फाय. के यहां ऋण हेतु आवेदन किया है जिस पर ऋण देना प्रस्तावित है इसलिये यदि किसी व्यक्ति का उत्तराधिकार के आधार पर अन्यथा भी किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, किसी निकाय आदि को उपरोक्त वर्णित संपत्ति को बंधक किये जाने में कोई या कैसी भी आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस सूचना पत्र के प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मय दस्तावेजी प्रमाण के प्रस्तुत करें अन्यथा समयोपरांत् कोई भी आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी। इतिदिनांक 07.04.2026

प्रेषक- **गजेन्द्र कुमार भार्गव (एडवोकेट)**
कार्या./नि.- हैदरगंज, मामा का बाजार, लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.)
कार्या. समय : 7:00 से 9:00 (सुबह एवं शाम)
मो. 9301122311

**कार्यालय वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल ग्वालियर (म.प्र.)**

क्रमांक/राजस्व/2026 ग्वालियर, दिनांक 07/02/2026

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रसारित किया जाता है कि श्यामबाबू मित्तल पुत्र श्री पूरनचन्द्र मित्तल निवासी घोरपड़े का बाड़ा दौलतगंज लश्कर जिला ग्वालियर की वैध आरामशीन को श्रीइसाब खान पुत्र श्रीमुनीर खान निवासी नई बस्ती, शंकरपुर ग्वालियर (म.प्र.) द्वारा उक्त आरामशीन को श्री बालकृष्ण वर्मा पुत्र श्री विद्याराम वर्मा, निवासी चार शहर का नाका ग्वालियर की भूमि ग्वालियर विकास प्राधिकरण, यातायात नगर के भूखण्ड क्र. 159 जो किराये पर ली है. पर स्थापित करना चाहता है। उक्त आरामशीन का नामांतरण/स्थानांतरण करने के संबंध में यदि किसी भी वारिसदार को कोई आपत्ति है अथवा आरामशीन की वसीयत बनाई गई हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपना लिखित आवेदन पत्र सुसंगत अभिलेख के साथ कार्यालय वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल ग्वालियर को प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि उपरांत कोई भी प्राप्त आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी।

**वनमंडलाधिकारी**
**वनमंडल सामान्य ग्वालियर**

# नदी - नालों को नया जीवन देने के प्रयास

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 7 अप्रैल।** ग्वालियर जिले में प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत समाज की भागीदारी से पुरानी जल संरचनाओं को पुनर्जीवित कर जल सहेजने के लिये तैयार किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को विकासखंड भितरवार के अंतर्गत आंतरी सेक्टर स्थित स्थानीय नदी में जमी मिट्टी को हटाकर सफाई एवं गहरीकरण का कार्य शुरू किया गया। जन अभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति फतेहपुर द्वारा जनसहभागिता से यह कार्य किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य नदी को उसके मूल स्वरूप में पुनर्स्थापित करना है। विकासखंड समन्वयक अधिकारी मनोज दुबे ने बताया कि प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष जयेन्द्र सिंह बघेल और सचिव भीकम सिंह परिहार के नेतृत्व में ग्रामीणों के सहयोग से जल संरक्षण के इस अभियान को गति मिल रही है। इस दौरान ग्रामीणों को समझाया जा रहा है कि स्थानीय नदी-नालों की नियमित सफाई और गहरीकरण अत्यंत आवश्यक है। इससे जल संग्रहण होगा और क्षेत्र के जल स्तर में बढ़ोत्तरी होगी। दुबे ने बताया कि अभियान के तहत जन अभियान परिषद द्वारा स्थानीय लोगों के सहयोग से नदी-नालों व तालाबों के किनारों के कटाव प्रभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां पौधारोपण भी किया जाएगा। साथ ही जहां जल की मात्रा कम है, वहां बोरी बंधान बनाकर जल रोकने की व्यवस्था के प्रयास प्रमुखता से होंगे। इन कार्यों को प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जायेगा।

## 'सोनचिरैया स्त्री उड़ान' प्रदर्शनी का आयोजन

**ग्वालियर, 7 अप्रैल।** महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से 'सोनचिरैया स्त्री उड़ान' का एक दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन एक निजी होटल में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सोनचिरैया की संस्थापिका दीपा चौहान एवं डॉ. श्वेता चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री माया सिंह, पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. डी.एस. चंदेल, वाइस चांसलर, नीलिमा सिंह, वाइस चांसलर, एमिटी यूनिवर्सिटी राजेश तोमर, गायत्री देवी सिंह, , गायत्री देवी सिंह उपस्थित थीं।

**CHANGE OF DOB**

I, Madan Mohan Saint (Existing Name of father as per NOK) is legally father of No 4290040H Rank Nk Name Dharmananda Saint presently residing at Village - 18/2, Pilkhana 2nd Bye Lane, Post - Haora Corporation Tehsil - Haora, District Haora, State - West Bengal Pin - 711101 inform that In my son's service record my date of birth is entered 01/01/1969 which is wrong, in my all documents including aadhar card my date of birth is 13/08/1960. In future, my date of birth should be depicted as 13/08/1960 in all documents and service records via affdavit no. BX 768741 Date: 20/02/2026

**नाम परिवर्तन सूचना**

मुझ प्रार्थीनी का सही नाम गुडडी (GUDDI) है जो कि मेरे पति के पेंशन के पी.पी.ओ और आदि दस्तावेजो में दर्ज है। आधार कार्ड में मेरा घरू नाम विमलेश सिकरवार है। विमलेश सिकरवार और गुडडी दोनो ही नाम मुझ एक ही महिला के है। अतः इस सूचना प्रकाशन उपरांत मेरे आधार कार्ड एवं समस्त शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों और आदि में मेरा नाम विमलेश सिकरवार (VIMLESH SIKARWAR) के स्थान पर गुडडी (GUDDI) दर्ज किया जावे व भविष्य में मुझ गुडडी (GUDDI) के नाम से जाना पहचाना व पढ़ा लिखा जावे।

पुराना नाम
विमलेश सिकरवार (VIMLESH SIKARWAR)
नया नाम
गुडडी (GUDDI), पति - श्री मुन्ना सिंह सिकरवार (MUNNA SINGH SIKARWAR)
निवासी - न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी
मुरैना म.प्र.-476001

**नाम परिवर्तन सूचना**

मुझ प्रार्थी का सही नाम विनय शाक्य (VINAY SHAKYA) है जो कि मेरी मार्कशीट, जन्मप्रमाणपत्र, जाति और आदि दस्तावेजो में दर्ज है। आधार कार्ड में मेरा घरू नाम विनय शाक्यावार है। विनय शाक्यावार और विनय शाक्य दोनो ही नाम मुझ एक ही व्यक्ति के है। अतः इस सूचना प्रकाशन उपरांत मेरे आधार कार्ड एवं समस्त शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों और आदि में मेरा नाम विनय शाक्यावार (VINYA SHAKYAWAR) के स्थान पर विनय शाक्य (VINAY SHAKYA) दर्ज किया जावे व भविष्य में मुझे विनय शाक्य (VINAY SHAKYA) के नाम से जाना पहचाना व पढ़ा लिखा जावे।

पुराना नाम
विनय शाक्यावार (VINYA SHAKYAWAR)
नया नाम
विनय शाक्य (VINAY SHAKYA)
पिता श्री गोपाल शाक्यावार (GOPAL SHAKYAWAR), निवासी किडि एस कॉर्नर स्कूल नाया बाजार, लश्कर ग्वालियर म.प्र.-474001

**CHANGE OF NAME**

I, PRAGYA is legally wedded of Army No. 15219208N, Rank- NK Name RAJU YADAV, Unit of -12 MED REGT C/o 56 APO, Presently residing at Pure Pahali Majare Raepur Maheri, Post - Bhadokhar, Dist - Rae Bareli, State- Uttar Pradesh -229405 have changed my name from PRAGYA to PRAGYA YADAV Vide Affidavit No. BX 717730 & Date- 06.04.2026 before D.P. Pant, Notery, Gwalior (M.P.)

**CHANGE OF NAME**

I, M NARAYANA REDDY father of M LAXMA REDDY Presently residing at Village- Charlapally, Post - Kondapur, Tehsil Dhanwada District Narayanapet, State- Telangana, PIN- 509371 have changed my name from M NARAYANA REDDY to AYYAPPA REDDY NARAYANA REDDY Vide Affidavit No. BY 016835 & Date- 27.12.2025 before D.P. Pant, Notery, Gwalior (M.P.)

**प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय ग्वालियर म.प्र**

प्रकरण क्रमांक 256/2022 मु.फौ, ग्वालियर दि.

श्रीमती उषा........आवेदिका
बनाम
पीयूष घुरैया .......अनावेदक

**सूचना पत्र**

यह कि आवेदिका श्रीमती उषा घुरैया (कंसाना) द्वारा आप अनावेदक पीयूष घुरैया पुत्र श्री विजेन्द्र सिंह घुरैया, आयु 32 वर्ष, निवासी ई 33 शिवदिनारा रामनगर ग्वालियर म.प्र. के विरूद्ध इस न्यायालय के समक्ष आवेदन पत्र अंर्तगत धारा 125 दण्ड प्रकिया संहिता का प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये सूचनापत्र से आप अनावेदक पीयूष घुरैया पुत्र श्री विजेन्द्र सिंह घुरैया को सूचित किया जाता है कि इस संबंध में आप अपना जवाब इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 13.05.2026 को प्रात: 11:00 बजे व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यदि नियत दिनांक को न्यायालय अवकाश घोषित हो जाता है अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस पर की जावेगी।

आज दिनांक 06/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(डी.पी.एस.गौर)
प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय ग्वालियर

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती सीमा नैयर पति श्री सुरेश नैयर ने उक्त अचल सम्पत्ति भवन क्र. 46 का भाग स्थित चन्द्र नगर ग्राम बुलबुलपुरा जिला ग्वालियर मे है। जो कि सर्वे क्र. 135, 136, 137, 138, 139 का भाग 531.25 वर्गफुट है। जिसका म्यु. भवन क्र. 3561 वार्ड क्र. 04 है, जो मेरी पक्षकारा ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरी पक्षकारा के विक्रेता के श्रीमती मीरा वर्मा पत्नि श्री रामलखन वर्मा की क्रयशुदा सम्पत्ति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्र. 859ग ग्रन्थ नं. 14430 तारीखी 6.10.2003 में पूरनसिंह व कन्हैयालाल कुशवाह पुत्रगण श्री धनीराम कुशवाह के द्वारा मु. आम सत्य प्रकाश जादौन पुत्र श्री तेजपाल जादौन के द्वारा सम्पादित किया। मेरी पक्षकारा के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है। पूर्व में - शेष भाग विक्रेता सम्पत्ति, पश्चिम में - मकान रामनरेश, उत्तर में मकान प्रेम सिंह दक्षिण में - रोड जिसका कुल क्षेत्रफल 531.25 वर्गफुट है। मेरी पक्षकारा के पूर्व विक्रेतागण पूरनसिंह व कन्हैयालाल कुशवाह पुत्रगण श्री धनीराम कुशवाह के द्वारा मु. आम सत्य प्रकाश जादौन पुत्र श्री तेजपाल जादौन ने मेरी पक्षकारा के विक्रेता श्रीमती मीरा वर्मा पत्नी श्री रामलखन वर्मा को उक्त अचल सम्पत्ति प्लॉट क्र. 46 को विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागो या प्राईवेट फायनेंश को कोई या विक्रेतागण परिवार के किसी भी सदस्य को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 15 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी और मेरी पक्षकारा श्रीमती सीमा नैयर पत्नी श्री सुरेश नैयर उक्त अचल सम्पत्ति भवन क्र. 46 का भाग कुल क्षेत्रफल 531.25 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा जैना स्मॉल फायनेंस बैक लिमिटेड ग्वालियर से आवंटित करा रही है। जो सुचित हो।

दिनांक -07.04.2026
स्थान ग्वालियर

भवदीय
**संजय बाकलीवाल एडवोकेट**
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

**कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 35/मु.अ. (सेतु परिक्षेत्र) / वर्ष 2025-26 भोपाल, दिनांक 31/03/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसारट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु. राशि (रू. लाख में) | ई.एम.डी राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | 2026_PWDRB_496015_1 | उज्जैन | पुल कार्य | उज्जैन तिराहा से नागूखेड़ी चौराहा देवास मार्ग पर पुराने रेल्वे समपार क्रमांक-29, कि.मी. 41/3-7 पर निर्मित टू-लेन आर.ओ.बी. के समानांतर अतिरिक्त टू-लेन रेल्वे ओव्हर ब्रिज का निर्माण इलेक्ट्रिक कार्य सहित। | द्वितीय | 2089.95 | केवल ऑन-लाईन |
| 2. | 2026_PWDRB_496016_1 | शिवपुरी | पुल कार्य | शिवपुरी जिले में मिहावरा व दोनी के बीच सिंध नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य। | चतुर्थ | 1768.45 | केवल ऑन-लाईन |
| 3. | 2026_PWDRB_496017_1 | रायसेन | पुल कार्य | रायसेन जिले के अंतर्गत भोजपुर- बंगरसिया मार्ग के कि.मी. 2/6 पर बेतवा नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य | तृतीय | 1530.45 | केवल ऑन-लाईन |
| 4. | 2026_PWDRB_496019_1 | खरगोन | पुल कार्य | खरगोन जिले के ग्राम माकड़खेड़ा से पीपलगोन रोड वेदा नदी पर रपटा के स्थान पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य। | द्वितीय | 1374.93 | केवल ऑन-लाईन |
| 5. | 2026_PWDRB_496020_1 | नरसिंहपुर | पुल कार्य | नरसिंहपुर जिले अंतर्गत ग्राम हीरापुर से जुगपुरा के बीच हिरन नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य। | प्रथम | 1326.58 | केवल ऑन-लाईन |
| 6. | 2026_PWDRB_496021_1 | शाजापुर | पुल कार्य | शाजापुर जिले के दास्ताखेड़ी से वजीरपुर खेड़ा के मध्य कालीसिंध नदी पर पहुँच मार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य | द्वितीय | 1166.81 | केवल ऑन-लाईन |
| 7. | 2026_PWDRB_496022_1 | राजगढ़ | पुल कार्य | राजगढ़ जिले के ग्राम पंचायत बगा में ग्राम बगा से सोहनपुरा के रास्ते में ग्राम फत्तुखेड़ी से पिपलोदी मार्ग में नेवज नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य। | द्वितीय | 939.90 | केवल ऑन-लाईन |
| 8. | 2026_PWDRB_496023_1 | नरसिंहपुर | पुल कार्य | नरसिंहपुर जिले अंतर्गत ग्राम सुआतला बिल्हरा के मध्य सगरा नाला पर पहुँच मार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य | प्रथम | 722.63 | केवल ऑन-लाईन |
| 9. | 2026_PWDRB_496024_1 | डिण्डोरी | पुल कार्य | डिण्डोरी जिले के गाडासरई बछरगांव मार्ग में चकरार नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य। | चतुर्थ | 557.76 | केवल ऑन-लाईन |
| | | | | कुल योग | | 11477.46 | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 21/04/2026 (17:30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

G-11149/26

**मुख्य अभियंता**
**लो.नि.वि. सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल**

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला दतिया (म.प्र.)**

क्र./ई-निविदा/2026/4390-91 दतिया, दिनांक 24-03-2026.

**संक्षिप्त विज्ञप्ति**

**ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रण सूचना/2026-27 (अनुबंध दिनांक से एक वर्ष हेतु)**

जिला दतिया में स्वास्थ्य विभाग (कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दतिया) के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 के लिये स्वास्थ्य संस्थाओं में किराये पर वाहन लिये जाने हेतु मोबिलिटी सर्विस और स्पोर्ट स्टाफ के लिये आउटसोर्स एजेन्सी के चयन हेतु अनुबंध दिनांक से एक वर्ष हेतु वार्षिक दर पर अनुबंध किये जाने हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदायें ई-निविदा प्रणाली आधारित म.प्र. शासन द्वारा संचालित ई-टेंडरिंग बेवसाईट www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है निविदा प्रपत्र ई-वेवसाईट www.mptenders.gov.in पर नियत दिनांक से डाउनलोड किया जा सकेगा एवं ऑनलाईन किया जा सकेगा एवं ऑनलाईन नियम दिनांक से ऑनलाईन निर्धारित शुल्क ऑनलाईन जमा कर निविदायें क्रय की जावेंगी। विभिन्न प्रकार की निविदाओं के संबंध में निविदा नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में वर्णित रहेंगी। ऑनलाईन निविदाओं का विवरण निम्नानुसार है :-

| S. No. | Online Tender Id | Tender Description | Online Tender Fees | Publishing Date | Download/Sale started date | Prebid Meeting date | Submission started date | Submission End date | Technical Bid opening |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2026_DHS_496225 | Mobility Services | 2000 | 13-04-2026 At 10:30 HRS | 13-04-2026 At 11:00 Hrs | 20-04-2026 At 17:30 Hrs | 20-04-2026 At 17:30 Hrs | 06-05-2026 At 17:30 Hrs | 07-05-2026 At 17:30 Hrs |
| 2 | 2026_DHS_496226 | Man Power Services | 2000 | 13-04-2026 At 10:30 HRS | 13-04-2026 At 11:00 Hrs | 20-04-2026 At 17:30 Hrs | 20-04-2026 At 17:30 Hrs | 06-05-2026 At 17:30 Hrs | 07-05-2026 At 17:30 Hrs |

**नोट:-** 1. निविदाओं में किसी भी प्रकार का संशोधन आवश्यक होने पर ई-टेंडरगि बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर अपलोड किया जावेगा। इसकी पृथक से (ई-मेल/पत्र के माध्यम से) सूचना प्रसारित नहीं की जावेगी निविदाकार द्वारा स्वयं की ई-टेण्डरिंग लॉगिन आईडी के माध्यम से संबंधित निविदा में संशोधन को देखा जा सकेगा। 2. निविदाएँ ऑनलाईन ही मान्य की जावेंगी। 3. निविदाओं के संबंध में नियत दिनांकों में निविदाओं की कार्यवाही पूर्ण न होने पर अथवा शासकीय अवकाश होने की स्थिति में आगामी कार्य दिवस में निविदा प्रक्रिया की कार्यवाही पूर्ण की जावेगी। 4. निविदा की दिनांक व समय से संबंधित सूचना ऑनलाईन साईड www.mptenders.gov.in पर जो दिनांक व समय दिया जाएगा वही सभी निविदाकारों के लिये मान्य होगा।

G-11164/26

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला दतिया (म.प्र.)**